अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 20 अप्रैल 2026
वैशाख शुक्ल तृतीया/चतुर्थी
विक्रम संवत 2083

PAGE NO : II TOP

विविध

■ **क्रिकेट टूर्नामेंट :** श्री राममूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ भोजीपुरा स्थित खेल मैदान पर सुबह 8:00 बजे से।

PAGE NO : IV MIDDLE

नेशनल पब्लिक स्कूल और मिशन एकेडमी ने दर्ज की जीत

बरेली। श्री राम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट (सीजन-सात) के पांचवें दिन रविवार को नेशनल पब्लिक स्कूल ने जीके सिटी मांटेसरी स्कूल को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी। वहीं, दिन के दूसरे मैच में मिशन एकेडमी स्कूल बहेड़ी ने गिरीश प्रसाद मेमोरियल (जीपीएम) स्कूल को 104 रनों के बड़े अंतर से हराया।

टूर्नामेंट के नौवें मैच में नेशनल पब्लिक स्कूल के कप्तान अरुण यादव का जादू सिर चढ़कर बोला। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का उनका फैसला सही साबित हुआ और उन्होंने खुद कमान संभालते हुए मात्र सात रन देकर पांच विकेट झटके। उनकी घातक गेंदबाजी के आगे जीके सिटी मांटेसरी की टीम महज 43 रनों पर ढेर हो गई।

जवाब में नेशनल पब्लिक स्कूल ने बिना कोई विकेट खोए केवल 4.3 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान अरुण को बेहतरीन गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

टूर्नामेंट के 10वें मैच में मिशन एकेडमी के कप्तान हिमांशु गंगवार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। टीम ने 192 रनों का स्कोर खड़ा किया।

192 रनों के दबाव का पीछा करने उतरी जीपीएम की टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। पूरी टीम 18.3 ओवर में केवल 88 रन ही बना सकी। मिशन एकेडमी के गेंदबाज शानू गंगवार ने 10 रन देकर चार विकेट चटकाए। इसके चलते उन्हें मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी से नवाजा गया। एसआरएमएस सीईटी के प्रिंसिपल डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। संवाद

इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में खेलते खिलाड़ी। स्रोत : स्वयं